आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 14.11.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत आज स्वराज द्वीप में मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि क्षेत्र में निवेश के अवसर पर निवेशक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।
- आज बाल दिवस है— उपराज्यपाल एडमिरल डी.के.जोशी ने अपने संदेश में बच्चों को शुभकामनाएं दी है।
- द्वीपसमूह मे आज से राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह मनाया जाएगा।
- राष्ट्रीय कैडेट कोर—एन सी सी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, अपने दो दिवसीय दौरे पर कल श्री विजयपुरम पहुंचे।
- दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के तहत कल क्षेत्र के प्राथमिक कक्षा के छात्रों के लिए पहला अंतर विद्यालय स्किपिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत मत्स्य पालन विभाग आज स्वराज द्वीप में मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि क्षेत्र में निवेश के अवसर पर निवेशक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय के साथ—साथ राज्य मंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल और पंचायती राज मंत्रालय के राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय तथा द्वीपों कके उपराज्याल एडमिरल डी. के. जोशी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में मत्स्य पालन विभाग, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश मत्स्य पालन विभागों के अधिकारी, वैज्ञानिक भी भाग लेंगे। टूना और समुद्री शैवाल से संबंधित प्रौद्योगिकियों में विशेषज्ञता रखने वाले देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग साठ निवेशक भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य मत्स्य पालन विकास के लिए एक प्रमुख अवसर प्रदान करना है, जिसमें समुद्री संसाधनों, विशेष रूप से टूना और टूना जैसी उच्च मूल्यवान प्रजातियों से समृद्ध है, जिनका अनुमान साठ हजार मीट्रिक टन है। द्वीप समूह में निवेशकों की बैठक ज्ञान के आदान—प्रदान, नेटवर्किंग और व्यापार अन्वेषण के लिए एक मंच प्रदान करती है,

जिसमें मत्स्य पालन और जलीय कृषि में सतत विकास के लिए सार्वजनिक–निजी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सत्र शामिल हैं। बैठक का उद्देश्य मछली उतारने, प्रसंस्करण और निर्यात कनेक्टिविटी के लिए बुनियादी ढाँचा भी विकसित करना है।

<><><><><><><>

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिन को आज बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अपने संदेश में उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने द्वीपों के सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के बच्चे बगीचे में कलियों की तरह होते हैं, जिन्हें अत्यंत प्यार और देखभाल के साथ पोषित किया जाना चाहिए, क्योंकि वे राष्ट्र के भविष्य के संरक्षक हैं। वे किसी भी राष्ट्र के पास मौजूद सबसे कीमती संसाधन हैं और उनमें समाज और मानवता में योगदान देने की अपार क्षमता है। बाल दिवस हमारे बच्चों के सपनों, क्षमता और मासूमियत का जश्न मनाने के लिए समर्पित एक अवसर है। प्रत्येक बच्चे में एक अनूठी प्रतिभा, एक विशेष गुण होता है और इसलिए माता–पिता, शिक्षकों और नेताओं का यह कर्तव्य है कि वे बच्चों का पोषण करें, उनका समर्थन करें और उन्हें प्रेरित करें और उन्हें अनुकूल और आनंदमय माहौल प्रदान करें। हमारे द्वीपों के बच्चों ने बोर्ड की परीक्षाओं, राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और हमारी समृद्ध संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाने में योगदान देकर हमें गौरवान्वित किया है। उपराज्यपाल ने कहा कि अंडमान निकोबार प्रशासन सभी बच्चों को पूर्ण पोषण, सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे हमारे महान राष्ट्र के स्वस्थ, आत्मनिर्भर और ज़िम्मेदार नागरिक बन सकें। इस अवसर पर, उन्होंने सभी बच्चों से आग्रह किया है कि वे अपने बचपन का भरपूर आनंद लें और एक विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह मे आज से राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह मनाया जाएगा। श्री विजयपुरम के राज्य पुस्तकालय में सप्ताह का उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर मल्टीमीडिया का शुभारंभ किया जाएगा। पुस्तकालय के लघु सम्मेलन कक्ष में मल्टीमीडिया स्थापित की जाएगी, जिससे अच्छी इंटरनेट सुविधा के साथ बड़े पैमाने पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकेगा। शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह आज शाम साढ़े चार बजे राज्य पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी और मल्टीमीडिया का उद्घाटन करेंगे। बीस नवम्बर तक चलने वाले पुस्तक सप्ताह के दौरान आम जनता प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकती है।

पुस्तक प्रदर्शनी के अलावा शिक्षा विभाग की ओर से राज्य पुस्तकालय में स्कूली विद्यार्थियों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें भाषण, कहानी वाचन, पुस्तक वाचन और चित्रकारी जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय कैडेट कोर–एन सी सी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, अपने दो दिवसीय दौरे पर कल श्री विजयपुरम पहुंचे। दौरे के दौरान उन्हें सेना और नौसेना एन सी सी इकाइयों द्वारा कैडेटों की प्रशिक्षण गतिविधियों और विभिन्न सामाजिक सेवा तथा सामुदायिक विकास गतिविधियों की जानकारी दी गई। उन्होंने द्वीपों में एन सी सी शिविरों और गतिविधियों में सुधार के लिए भविष्य की बुनियादी ढांचागत योजनाओं पर चर्चा करने के लिए द्वीपों के उप–राज्यपाल से मुलाकात की। महानिदेशक ने कमान के कमांडर–इन–चीफ से भी मुलाकात की और सेना, नौसेना और वायु सेना इकाइयों द्वारा सुगम बनाए गए विभिन्न प्रशिक्षण संबंधी मुद्दों पर चर्चा की, जो कैडेटों को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कैडेटों, एसोसिएट एन सी सी अधिकारियों और प्रशिक्षण कर्मचारियों के साथ भी बातचीत की।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल के तहत दक्षिण अंडमान उप शिक्षा अधिकारी ने कल क्षेत्र के प्राथमिक कक्षा के छात्रों के लिए पहला अंतर विद्यालय स्किपिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता नेताजी स्टेडियम के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित की गई। उद्घाटन अवसर पर शिक्षा निदेशालय के सहायक निदेशक खेल इरशाद अहमद मुख्य अतिथि थे और युवा मामले और खेल विभाग के सहायक निदेशक खेल बिस्वनाथ सेन, सम्मानीय अतिथि थे। समापन समारोह में उप शिक्षा निदेशक (पर्ल) एम वी जॉली, मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में मिडिल स्कूल मरियम्मन मंदिर की टीम को पहला, सरस्वती शिशु मंदिर की टीम को दूसरा और प्राथमिक विद्यालय कृष्णा नगर, स्वराज द्वीप की टीम को तीसरा स्थान हासिल हुआ।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग के विभिन्न पदों के लिए चयनित उम्मीदवारों की दस्तावेजों की जांच आज की जाएगी। जांच दो चरणों में होगी। उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे सुबह दस बजे से अपने मूल दस्तावेजों के साथ फीनिक्स–बे स्थित पावर हाउस के सम्मेलन कक्ष में उपस्थित रहे।

उधर, डीब्रेट में विभिन्न पदों के लिए होने वाले कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में असुविधा हो रही थी, जिसका समाधान कर लिया गया है। अब उम्मीदवार भर्ती पोर्टल से नया प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

<><><><><><><>

क्षेत्रीय लेखा कार्यालय के संयुक्त रक्षा लेखा नियंत्रक की ओर से माहव्यापी स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। तीस नवंबर तक बुनियादाबाद के अयप्पा मंदिर के पास सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक कार्यक्रम आयोजित होगा। यह कार्यक्रम रक्षा पेंशनभोगियों, नागरिक पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों की सहायता के लिए आयोजित की जा रही है, जिनकी पेंशन नए स्पर्श मॉड्यूल में स्थानांतरित हो गई है। स्पर्श, प्रश्नों के आधार पर विसंगतियों और अन्य पेंशन संबंधी मुद्दों को हल करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। रक्षा मंत्रालय के रक्षा लेखा नियंत्रक ने स्पर्श यानि पेंशन प्रशासन प्रणाली–रक्षा लागू की है, जो सभी रक्षा और नागरिक पेंशनभोगियों के लिए वन स्टॉप समाधान प्रदान करने वाला एक व्यापक पेंशन पैकेज है। अंडमान निकोबार कमान के क्षेत्रीय लेखा कार्यालय ने भी सभी रक्षा पेंशनभोगियों, नागरिक पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों से इसमें शामिल होने का अनुरोध किया है, ताकि उनकी पेंशन संबंधी सभी समस्याओं का समाधान किया जा सके ।

<><><><><><><>